दिन—शुक्रवार दिनांक— 08 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के बंटवारे के बाद मंत्रियों के कार्यभार संभालने का सिलसिला शुरू हो गया है। भूमि सुधार और राजस्व विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने आज अपना कार्यभार संभाला। उन्होंने कहा कि यह विभाग काफी चुनौतियों भरा है। श्री जायसवाल ने कहा कि विभाग के लंबित सार्वजनिक कार्यों को पूरा करने के लिए ठोस कार्यनीति बनाई जाएगी। इधर, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री मदन सहनी ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि शराब की तस्करी और स्थानीय स्तर पर शराब के निर्माण को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने भी कार्यभार संभाल लिया है। श्री कुमार ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वे काम करेंगे। इधर, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता समेत कई अन्य मंत्रियों ने भी कार्यभार संभाल लिया है।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार से उनके पटना स्थित आवास पर मुलाकात की। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मुलाकात के दौरान विस्तारित मंत्रिमंडल को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

———————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने प्राथमिक स्वास्थ्य टीमों के लिए एकीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को सुदृढ़ करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक समग्र और जनकेंद्रित स्वास्थ्य देखभाल सुविधा उपलब्ध हो सके। मंत्रालय ने कहा है कि पूरी तरह से प्रशिक्षित और आत्मविश्वास से भरे प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कर्मी चिकित्सा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार लाने, उच्च स्तरीय अस्पताल इकाइयों पर बोझ कम करने और स्वास्थ्य प्रणाली में लोगों का विश्वास मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं।

———————————————————

शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन जल्द से जल्द जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज पटना में प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का जत्था पटना कॉलेज से बीपीएससी ऑफिस की तरफ बढ़ रहा था, तभी जे.पी. गोलम्बर के पास पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारी छात्र बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे, जिसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज किया। लाठी चार्ज में कई प्रदर्शनकारियों के घायल होने की खबर हैं। इधर, पटना स्थित आईजीआईएमएस में नर्सिंग छात्राओं का आज दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी छात्राओं का आरोप है कि उन्हें जान–बूझकर परीक्षा में फेल किया गया है।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ फौजदारी मामलों का निपटारा किया जाएगा। पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का भी निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से किया जाएगा। लोक अदालत के लिए सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में विशेष पीठों का गठन किया गया है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन की जानकारी देने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता रथों को रवाना किया गया है।

————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के ठाकुरगंज में सबसे अधिक चौवन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पटना, बेगूसराय, भोजपुर, गया, नवादा, मधुबनी और सीवान समेत पच्चीस जिलों में धूलभरी आंधी चलने के साथ बारिश की संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने बक्सर, भोजपुर, सीवान और रोहतास जिले में अगले कुछ घंटों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई है। बक्सर और सीवान जिले के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की गयी है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।